आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

## प्रश्नकाल

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में माइनिंग पॉलिसी में बदलाव किया जाएगा। शिमला में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान विधायक नीरज नैय्यर के सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार इस बदलाव के लिए सभी तथ्यों और मामलों का अध्ययन करेगी और जनता से सुझाव भी लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान माइनिंग रूल्स 1971 से लागू हैं, जिनमें 2015 में कुछ संशोधन किए गए थे। इससे पहले विधायक डॉक्टर जनक राज के मूल सवाल के जवाब में उद्योग मंत्री हषवर्धन चौहान ने कहा कि माइनिंग पॉलिसी के तहत चंबा जिला की सलूणी तहसील में सयूल खड्ड के किनारे तलोड़ी में एक खनन पट्टा व उसके आसपास कंडला और मोहड़ी में एक–एक खनन पट्टा मंजूर किया गया है। उद्योग मंत्री ने स्पष्ट किया कि इन खनन पट्टों को प्रदान करते समय माइनिंग पॉलिसी व नियमों का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में एम.बी.बी.एस. डिग्री कर चुके करीब दो हजार डिग्री धारक डॉक्टर बेरोज़गार हैं और आने वाले समय में इनकी संख्या और बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए सरकार ने डॉक्टरों के लिए बांड सिस्टम को जरूरी कर दिया है, ताकि वे प्रदेश में काम करने के लिए प्रतिबद्ध रहें।

विधायक सुधीर शर्मा के सवाल के जवाब में सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि धर्मशाला के तपोवन में देश का सबसे बड़ा इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर बनेगा। इसके निर्माण के लिए जगह को चिन्हित कर लिया गया है और यह प्रोजेक्ट एशियाई विकास बैंक की सहायता से पूरा होगा। विधायक हरदीप सिंह बाबा के एक सवाल के लिखित जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि सोलन जिला के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी, बरोटीबाला और नालागढ़ में 27 औद्योगिक इकाइयां बिना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति के चल रही हैं। इनमें 11 स्टोन क्रशर इकाइयां भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निरीक्षण में यह खुलासा हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में कुल 2 हज़ार 9 सौ 19 इकाइयों में से 87 इकाइयां प्रदूषण नियंत्रण के मापदंडों की अवहेलना करती हुई पाई गईं।

## भाजपा प्रदर्शन

भारतीय जनता पार्टी ने आज शिमला के चौड़ा मैदान में राज्य सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों, कुशासन और माफिया राज के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश प्रभारी

श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने प्रदर्शन रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने अढ़ाई साल के कार्यकाल में हिमाचल को अपराध, माफिया राज और कर्ज के दलदल में धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और अपराधियों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के दौरान झूठी गारंटियों के सहारे प्रदेश की जनता को ठगने का काम किया और सत्ता में आने के बाद लोगों से किए गए किसी भी वायदे को पूरा नहीं किया। वहीं प्रदेश भाजपा सहप्रभारी संजय टंडन ने कहा कि हिमाचल में जंगलराज हावी हो चुका है और चिट्टा माफिया युवाओं की ज़िंदगी बर्बाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार में हिमाचल गैंग वॉर का केन्द्र बन चुका है और अपराधी बेखौफ होकर दिनदहाड़े गोलियां चला रहे हैं।

इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल नशा, खनन और वन माफिया जैसे विभिन्न माफियाओं के चंगुल में फंस चुका है और सरकार इन्हें खुला संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि चिट्टा माफिया ने प्रदेश की युवा पीढ़ी को नशे की लत में झोंक दिया है लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि हिमाचल में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि झूठ के सहारे सत्ता में आई कांग्रेस सरकार अब झूठ के भरोसे ही सत्ता में बनी रहना चाहती है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस सरकार माफिया राज और भ्रष्टाचार के मक्कड़जाल में फंसी हुई है।

............................................